# सड़क, पेयजल सुविधा बिना बस रही कॉलोनी

▸ सिलवानी में बारिश में बढ़ी रहवासियों की परेशानी

**सिलवानी, 29 जून. नगर के वार्ड क्रमांक 14 स्थित नया बस स्टैंड कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं के अभाव से रहवासी वर्षों से परेशान हैं. कॉलोनी में पिछले करीब 10 वर्षों में चार दर्जन से अधिक परिवार बस चुके हैं, लेकिन आज तक यहां पक्की सड़क, नाली और पेयजल के लिए नल जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं.**



स्थानीय रहवासियों का कहना है कि वे नियमित रूप से मतदान कर अपने जनप्रतिनिधि चुनते हैं, लेकिन विकास कार्यों के मामले में उनकी कॉलोनी लगातार उपेक्षित बनी हुई है. बरसात के मौसम में कॉलोनी की कच्ची सड़क पर घुटनों तक पानी भर जाता है, जिससे आवागमन मुश्किल हो जाता है. जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी लंबे समय तक जमा रहता है.

रहवासियों ने बताया कि पेयजल के लिए भी नल कनेक्शन की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिससे उन्हें पानी की व्यवस्था के लिए अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ता है. जलभराव के कारण कीड़े-मकोड़े, सांप और बिच्छू घरों में घुस आते हैं, जिससे बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर हमेशा भय बना रहता है. कॉलोनीवासियों ने नगर परिषद एवं संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि शीघ्र ही कॉलोनी में पक्की सड़क, नाली निर्माण और पेयजल की व्यवस्था कराई जाए, ताकि उन्हें मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके और बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से राहत मिल सके.

# बारिश शुरू होते ही बाजार में सजीं तिरपाल-पन्नी की दुकानें

▸ बाजार में खरीदारी बढ़ी

**सिलवानी, 29 जून. मानसून की दस्तक के साथ ही नगर में बारिश का दौर शुरू हो गया है. पिछले तीन-चार दिनों से रुक-रुककर हल्की बारिश हो रही है. कभी अचानक बादल छा जाते हैं और बूंदाबांदी के बाद मौसम साफ हो जाता है. बारिश की शुरुआत के साथ ही लोगों ने अपने कच्चे मकानों और टपकती छतों की मरम्मत का कार्य भी शुरू कर दिया है.**



शुक्रवार को नगर के बाजार में तिरपाल और प्लास्टिक पन्नी की दुकानों पर खरीदारों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली. लोग वर्षा से बचाव के लिए अपने घरों की छतों, छप्परों तथा अन्य स्थानों को सुरक्षित करने के उद्देश्य से तिरपाल खरीदते नजर आए. दुकानदारों के अनुसार मानसून शुरू होते ही तिरपाल की मांग में अचानक वृद्धि हुई है.

क्षेत्र में मानसून सक्रिय होने से कई वार्डों और मोहल्लों की गलियों में बारिश का पानी जमा होने लगा है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. वहीं जिन परिवारों के घरों पर पहले से डली तिरपाल तेज धूप के कारण खराब हो चुकी थी, उन्हें सबसे अधिक दिक्कत हो रही है. ऐसे लोग नई तिरपाल खरीदकर अपने घरों को बारिश से सुरक्षित करने में जुटे हुए हैं.

## एक नजर में



### तीन युवा अग्निवीरों का नगर में हुआ स्वागत

**बेगमगंज, 29 जून.** छः माह का सफल प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने गांव लौटे तीन अग्निवीर युवाओं का नगर बेगमगंज में उनके परिजनों, उनके माता पिता ने फूल माला पहना कर तिलक किया इस दौरान तीनों युवा अपने अपने माता पिता भाई बहन से गले मिल कर भावुक हुए और अपने आंसू नहीं रोक पाए. सोमवार को बिहारी अहिरवार ने तीनों युवाओं की आरती उतारकर फूल माला और मिठाई खिलाकर स्वागत किया उनके कोच राहुल कुशवाहा बीरसिंह, वीरा भैया की अगुआई में डोल नगाड़ों के साथ स्वागत रैली निकाली गई जो सांदीपनि स्कूल में संचालित खेलकूद एकेडमी में कार्यक्रम के रूप में परिवर्तित हुई जहां पर बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे फौजी राजू सिंह और इन फौजी युवा अग्निवीरो के कोच राहुल कुशवाहा, बीरसिंह, वीरा भैया ने फूलमाला पहना कर स्वागत किया इस दौरान तीनों युवा आअग्निवीरो ने अपने छः माह के प्रशिक्षण के अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में अनुशासन, शारीरिक दक्षता और मानसिक मजबूती पर ध्यान केन्द्रित करने का सुझाव दिया गया उन्होंने युवाओं को नशा मुक्त रहने का संदेश दिया ग्राम सुनेहरा के चंद्रभान विश्वकर्मा को मथुरा, ग्राम मरखंडी के अनुराग जैन को असम और सागौनी के पुष्पेंद्र लोधी को दिल्ली में तैनात किया गया है.



### सहकारिता दिवस मनाया, 28 गांवों के किसान हुए शामिल

**सलामतपुर, 29 जून.** क्षेत्र के किसानों को कृषि और सहकारिता के प्रति जागरूक करने तथा संगठन की शक्ति को मजबूत करने के उद्देश्य से सोमवार को सलामतपुर में 'सहकारिता दिवस' का गरिमामयी आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य सत्र में कृषक सेवा सहकारी संस्था के प्रबंधक कुंवर सिंह दांगी ने सहकारिता के मूल सिद्धांतों 'एक सब के लिए, सब एक के लिए' पर प्रकाश डालते हुए कृषि क्षेत्र में सहकारी संस्थाओं की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी. इसके पश्चात संस्था प्रबंधक दांगी ने सभी किसानों को सहकारिता के नियमों का पालन करने, संगठन को मजबूत बनाने और उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए सामूहिक रूप से निष्ठा की शपथ दिलाई. कार्यक्रम में संस्था कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लगभग 28 गांवों के प्रगतिशील और स्थानीय किसान एकत्रित हुए. किसानों ने खाद, बीज की उपलब्धता, सहकारी साख समितियों से मिलने वाले लाभ और कृषि से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी आपस में चर्चा की.

**कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य-** इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में सहकारिता आंदोलन को और अधिक मजबूत करना है ताकि अंतिम छोर पर बैठे किसान को भी बैंकिंग, ऋण और कृषि सुविधाओं का सीधा लाभ मिल सके. इस अवसर पर सहकारी संस्था के अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और सैकड़ों किसान भाई मौजूद रहे. कार्यक्रम के अंत में संस्था की ओर से उपस्थित सभी किसानों का आभार व्यक्त किया गया.

# नाबालिग को कमरे में बंधक बनाकर दुष्कर्म

▸ पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, कोर्ट ने जेल भेजा

**सलामतपुर, 29 जून. रायसेन जिले के सलामतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक नजदीकी गांव में 17 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ जबरन दुष्कर्म का मामला सामने आया है.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना दो दिन पहले देर रात की है. आरोपी की पहचान गोलू सहरिया (उम्र 25 वर्ष), पिता राम सिंह सहरिया के रूप में हुई है. घटना वाली रात आरोपी ने नाबालिग लड़की को डरा-धमकाकर अपने घर की छत पर बुलाया. इसके बाद वह उसे जबरन अपने घर के भीतर ले गया और कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया. आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी और उसके साथ बलात्कार किया. पीड़ित पक्ष की शिकायत पर सलामतपुर थाना पुलिस ने आरोपी पर बीएनएस की धारा 64(1) (बलात्कार), धारा 351(3) (आपराधिक धमकी), धारा 126(2) (गलत तरीके से बंधक बनाना) और पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत गंभीर मुकदमा दर्ज किया मामला दर्ज किया. सोमवार को पुलिस टीम ने आरोपी को उसके घर के पास से ही गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तारी के बाद आरोपी को सांची सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ मेडिकल कराया गया. इसके बाद पुलिस ने आरोपी को रायसेन न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है.

इस पूरी कार्रवाई में सलामतपुर थाना प्रभारी श्यामराज सिंह, एएसआई सुनील शर्मा, एएसआई राजेश यादव, आरक्षक संदीप रघुवंशी और रोहित गोस्वामी की महत्वपूर्ण व सराहनीय भूमिका रही.

# पुलिस ने एसबीआई में ग्राहकों को किया जागरूक



▸ साइबर क्राइम को लेकर 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान

**सलामतपुर, 29 जून. बढ़ते डिजिटल अपराधों और ऑनलाइन ठगी पर अंकुश लगाने के लिए सलामतपुर पुलिस ने कमर कस ली है. इसी कड़ी में 'साइबर सुरक्षा अभियान सेफ क्लिक 2.0' के अंतर्गत सोमवार को सलामतपुर थाना प्रभारी श्यामराज सिंह के नेतृत्व में स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में एक विशेष जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंक उपभोक्ताओं को आधुनिक दौर के गंभीर साइबर खतरों जैसे कि ओटीपी फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट और सेक्सटॉर्शन से सुरक्षित रखना है.**

कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी श्यामराज सिंह ने बैंक में ग्राहकों और कर्मचारियों से कहा कि आजकल अपराधी खुद को पुलिस, सीबीआई या कस्टम अधिकारी बताकर लोगों को फोन करते हैं. वे पीड़ितों को 'डिजिटल अरेस्ट' या 'होम अरेस्ट' का डर दिखाकर लाखों रुपये ऐंठ लेते हैं. थाना प्रभारी ने साफ किया कि कानून में 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी कोई व्यवस्था नहीं है. यदि कोई आपको वीडियो कॉल पर डराकर पैसे की मांग करे, तो तुरंत फोन काटें और पुलिस को सूचित करें. पुलिस टीम ने बैंक उपभोक्ताओं को विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड के बारे में विस्तार से समझाया और उनसे बचने के उपाय साझा किए.

**ओटीपी फ्रॉड:** किसी भी परिस्थिति में अपना बैंक ओटीपी, पासवर्ड या सीवीवी नंबर किसी अज्ञात व्यक्ति से साझा न करें. सेक्सटॉर्शन और ब्लैकमेलिंग अज्ञात नंबरों से आने वाली वीडियो कॉल को उठाने से बचें और सोशल मीडिया पर अपरिचितों से दोस्ती न करें.

अपने सोशल मीडिया और बैंकिंग ऐप्स के पासवर्ड मजबूत रखें और समय-समय पर बदलते रहें. लोन और लॉटरी ऐप्स: बिना जांच-पड़ताल किए किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और न ही कोई संदिग्ध ऐप डाउनलोड करें.

# विशु जैन बने जिला बैडमिंटन चैंपियन

▸ सिंगल्स खिताब पर किया कब्जा

**सिलवानी, 29 जून. नगर के होनहार खिलाड़ी ने रायसेन के खेल परिसर में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय सिंगल्स एवं डबल्स बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता का शुभारंभ डायट प्राचार्य डॉ. संध्या जैन एवं डॉ. सुनील जैन ने किया.**



प्रतियोगिता में सिलवानी, देवरी, बेगमगंज एवं रायसेन के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. सिंगल्स वर्ग के फाइनल मुकाबले में सिलवानी के विशु जैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रायसेन के सचिन को लगातार दो सेटों में पराजित कर जिला चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया. वहीं डबल्स वर्ग के फाइनल मुकाबले में रायसेन की सचिन एवं जोंटी की जोड़ी ने सिलवानी के मुस्तकीम अहमद एवं विशु जैन की टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया. ? 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग (वेटरन 45+) में बेगमगंज की शाहिद कुरेशी एवं अमित श्रीवास्तव की जोड़ी ने रायसेन के डॉ. सौरभ जैन एवं उनके साथी को हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया. प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया. पुरस्कार वितरण समारोह में डॉ. सौरभ जैन, दीनानाथ श्रीवास्तव एवं मोहम्मद तारिक उपस्थित रहे.

## पेंशनर्स आज निकालेंगे रैली, सौंपेंगे ज्ञापन

**रायसेन, 29 जून.** पेंशनर्स की 6 सूत्रीय मांगों को लेकर 30 जून मंगलवार को दोपहर 2 बजे नर्मदा गैलेक्सी, गोटी ढाबा विदिशा रोड रायसेन से रैली निकालकर 3 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय रायसेन पहुंचेंगे तथा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा. कार्यवाहक जिलाध्यक्ष गिरधारी लाल शाक्य ने बताया कि संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष ओमप्रकाश बुधौलिया के निर्देश पर इस कार्यक्रम के तहत धारा 49 समाप्त करने सहित लंबित मांगों पर पेंशनर्स का चरणबद्ध आंदोलन जारी है. प्रथम चरण में 10 जून को तहसीलों में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे गए थे.

# जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन पर होंगी ग्रामसभाएं

▸ सीएम के संदेश का किया जायेगा वाचन

**रायसेन, 29 जून.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर 19 मार्च से प्रारंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन 30 जून को होगा. अभियान के दौरान लगभग 3.62 लाख से अधिक कार्यों का क्रियान्वयन किया गया है, जिनमें ग्रामीण, नगरीय, वन, सिंचाई, शिक्षा, औद्योगिक तथा अन्य क्षेत्रों में जल संरक्षण, भू-जल संवर्धन, जल गुणवता परीक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, नदी पुनर्जीवन तथा जन-जागरुकता से संबंधित विविध गतिविधियाँ सम्मिलित हैं.

अभियान के समापन पर प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभा आयोजित कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संदेश का वाचन किया जाएगा और जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत निष्पादित कार्यों, उपलब्धियों तथा लाभान्वित परिवारों का विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया जाएगा. जन-सहभागिता, श्रमदान एवं नवाचार के माध्यम से योगदान देने वाले नागरिकों, स्वयंसेवी संगठनों, जलदूतों का सम्मान किया जाएगा.

# शासन की योजनाओं का लाभ नागरिकों को सुगमता से मिले

▸ टीएल बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**रायसेन, 29 जून. कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा समयसीमा वाले शासकीय पत्रों, सीएम हेल्पलाईन तथा शासन की योजनाओं और अभियानों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए.**



बैठक के प्रारंभ में उन्होंने सभी जिला अधिकारियों तथा विकासखण्ड अधिकारियों से कहा कि शासन की योजनाओं का पूरी गंभीरता के साथ प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए, जिससे कि नागरिकों को सुगमता से योजनाओं का लाभ मिले.

बैठक में कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी तहसीलदारों से कहा कि प्रकरणों का समयावधि के पहले ही निराकरण सुनिश्चित कराएं. फार्मर रजिस्ट्री की तहसीलवार जानकारी लेते हुए अधिकारियों को सौ फीसदी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए. सभी एसडीएम को नियमित मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए. इसी प्रकार जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की अधिकारियों से जानकारी लेते हुए कहा कि प्राप्त आवेदनों पर शीघ्रता से निराकरण कर प्रतिवेदन जिला कार्यालय पर भिजवाने के निर्देश दिए. उन्होंने धारणाधिकार के आवेदनों को भी नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए. सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का समयावधि में संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराएं.

**मांग** ▸ ग्राम भुरेरू के ग्रामीणों और स्कूली बच्चों ने सौंपा ज्ञापन

# मार्ग निर्माण में बाधा डालने वालों पर हो कार्रवाई

**बेगमगंज, 29 जून. बेगमगंज जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत भुरेरू के स्कूली छात्र छात्राओं एवं ग्रामीणों ने एक ज्ञापन तहसीलदार प्रमोद उईके को सौंपकर मार्ग निर्माण में बाधा डालने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है.**



विद्यार्थियों एवं ग्रामीणजनों द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि ज्ञापन सौंपने वाले ग्राम पंचायत भुरेरू टोला के निवासी हैं. आने जाने के लिये एक मात्र रास्ता गाम भुरेरू मेन सड़क से शासकीय रास्ता एवं इसके बाद टपरा टोला के लिये पुस्तैनी रास्ता है. जिस पर वहां के निवासी करीब 100 साल से आवागमन कर रहे हैं लेकिन बारिश में सड़क नहीं होने के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा पाते, कोई बीमार हो जाए तो उसे इलाज के लिए ले जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. जिसके कारण पिछले वर्ष एक महिला इलाज के अभाव में मौत के मुंह में जा चुकी है. पंचायत द्वारा उक्त स्थान पर डब्ल्यू बीएमसी रोड बनवाया जा रहा है. जिसमे शासकीय गोहा के साथ ही पुस्तैनी रास्ता में करीब 55 लोगों को निजी जमीन में भी मुरम डाल कर सड़क का निर्माण किया गया है. गांव के श्रीराम, प्रीतम, महारज, सिंह एव भागचन्द व गोबिन्द सिंह के द्वारा उक्त सड़क निर्माण मे व्यवधान उत्पन्न किए जाने के कारण निर्माण कार्य बंद हो गया है. ज्ञापन में मांग की गई है कि अवरोध उत्पन्न करने वालों के विरोध कार्रवाई की जाए और मार्ग निर्माण के रुके काम को पुनः चालू कराया जाए.

## बिजली संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए बैठकें आज

**रायसेन, 29 जून.** मप्र विद्युत नियामक आयोग पुनर्रीक्षण द्वितीय विनियम 2021 के तहत विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम चांदबढ़ भोपाल द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों (विद्युत अधिनियम की धारा 126, 135 से 139, 161 एवं बकाया राशि की वसूली, जहां बिल की गई राशि विवादित ना हो को छोड़कर) की सुनवाई एवं वृत्त स्तर रायसेन वृत्त के उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण हेतु 30 जून को बैठकें आयोजित की जाएगीं. जिसमें विद्युत की आपूर्ति में व्यवधान सहित अन्य शिकायतों का निराकरण किया जाएगा.

# हेल्थ एंड वैलनेस एम्बेसडर्स' का तीन दिनी प्रशिक्षण शुरू

**सलामतपुर, 29 जून. फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया एफपीएआई संस्था के तत्वावधान में ब्लॉक सांची, बेगमगंज और बाड़ी के हाई स्कूलों एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के 'हेल्थ एंड वैलनेस एम्बेसडर' के लिए तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय होटल संघमित्रा, सलामतपुर में किया जा रहा है.**



मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया. इस अवसर पर कार्यक्रम की जिला समन्वयक प्रियंका चौहान, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार यादव एवं एफपीएआई संस्था के परियोजना समन्वयक वरुण कुमार दुबे उपस्थित रहे. तीन दिवसीय इस आवासीय शिविर में प्रतिभागियों को विभिन्न सत्रों के माध्यम से विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है. मुख्य मास्टर ट्रेनर अमिता त्रिपाठी, ऊषा सराठे, अरविंद राय एवं हेमंत लोधी अपनी सेवाएं दे रहे हैं. ये विशेषज्ञ किशोरों में शारीरिक व मानसिक बदलाव, पोषण और स्वास्थ्य प्रबंधन जैसे गंभीर विषयों पर एम्बेसडर्स की क्षमतावर्धन कर रहे हैं.

इनमें मुख्य रूप मिथुन यादव, मृणालिनी दांगी शुभमकुमार शर्मा, सुशील कुमार धूमकेती (किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता, सिविल अस्पताल, औबेदुल्लागंज शामिल रहे.